23.04.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

<u>मुख्य समाचार</u>

- पहलगाम में आतंकी हमलें के संदिग्धों के स्केच जारी, गृह मंत्री ने घटना स्थल का किया दौरा।
- प्रधानमंत्री कल पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार से देशभर की ग्रामसभाओं को करेंगे संबोधित।
- मुख्यमंत्री ने कहा देश में सर्वाधिक 2600 रूपये क्विंटल की दर पर प्रदेश में हो रही है गेहूं की खरीदी।
- वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं से प्रचार करने का किया आह्वान।

**<u>जम्मू-कश्मीर-गृहमंत्री</u>**

**जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कल हुए हमले** पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों समिति की बैठक जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में गृह मंत्री, रक्षामंत्री, विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मौजूद है। इस बीच हमले में **जान गवांने वाले पर्यटकों के शवों को श्रीनगर से विशेष विमानों से उनके गृह-स्थलों पर ले जाया जा रहा है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने तीन हमलावरों के स्केच जारी किए हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की एक विशेष टीम आतंकी हमले की जांच शुरू कर दी है। सेना और पुलिस इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में प्रत्येक भारतीय अपने प्रियजनों को खोने का दर्द महसूस करता है। उन्होंने इन सभी परिवारों और पूरे देश को आश्वासन दिया कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने श्रीनगर में मृतकों के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। गृह मंत्री ने पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में घटना-स्थल पर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घायलों से भी मुलाकात की।**

## जम्मू-कश्मीर-विशेष-रेल-उड़ान

जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमलों के मद्देनजर भारतीय रेल फंसे हुए यात्रियों की सहायता और अतिरिक्त यात्रियों के लिए आज रात रात नौ बजकर बीस मिनट पर कटरा से नई दिल्ली के लिए एक विशेष रेलगाड़ी चलाएगा। रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। जम्मू तवी स्टेशन के लिए नम्बर है- 0 1 9 1 - 2 7 4 7 0 1 1 6, श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन के लिए 0 1 9 9 1 - 2 3 4 8 7 6 और उधमपुर स्टेशन के लिए 7 7 1 7 3 0 6 6 1 6 नम्बर जारी किए गए हैं।

श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए चार विशेष उड़ानें संचालित की गई हैं। साथ हीअतिरिक्त उड़ानें भी तैयार रखी गई हैं। इस बीच, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-44 अभी भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है।

## राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की आतंकवाद कतई बर्दाश्त न करने की नीति को दोहराया है। उन्होंने कहा कि सरकार पहलगाम हमले के लिए दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। नई दिल्ली में आज भारतीय वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह पर एक स्मारक व्याख्यान को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## हमला इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में इंदौर निवासी सुशील नथानियल की असामयिक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी संदेश में कहा कि सरकार हमले में घायल श्री नथानियल की बेटी आकांक्षा की मदद के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने आज सुबह हीरानगर क्षेत्र में जाकर परिजनों से भेंट की। इस बीच श्री नथियाल का पार्थिव शरीर आज शाम इंदौर लाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री पंचायती राज

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कल बिहार के मधुबनी जिले में झंझारपुर ब्लॉक के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर देश भर के पंचायती राज संस्थानों और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे और विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 भी प्रदान करेंगे। इस साल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को "संपूर्ण-सरकार" दृष्टिकोण के साथ

एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री इस अवसर पर कई प्रमुख अवसंरचना और कल्याणकारी परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनका शिलान्यास करेंगे।

## मुख्यमंत्री गेंहू

मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरे देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीद रही है। इस उपार्जन राशि में सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में प्रदेश पंजाब और हरियाणा जैसे खाद्यान्न उत्पादक राज्यों से भी आगे हैं। मुख्यमंत्री आज मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों से गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल तक और सभी किसानों से गेहूं उपार्जन का समस्त कार्य 5 मई तक पूरा करने को कहा है।

**<u>एक राष्ट्र एक चुनाव सम्मेलन</u>**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव समय की मांग है, क्योंकि लोकसभा और विधानसभा के लिए अलग-अलग होने वाले चुनाव देश के विकास में बाधा बन रहे हैं। नई दिल्ली में एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए छात्रों के सम्मेलन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों को देश में बार बार होने वाले चुनावों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने युवाओ से वन नेशन वन इलेक्शन को सोशल मीिया पर प्रचार आह्वान किया है।**

**<u>केंद्रीय कानून मंत्री</u>**

**केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने** आज भोपाल के **जेके हॉस्टिपटल कम्युनिटी हॉल, कोलार में पुरूषार्थ सेवा फाउंेशन द्वारा आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न "बाबा साहब ॉ. भीमराव अंबेकर एक विचार" विषय पर संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब एक बहुआयामी, विशाल व्यक्तित्व वाले राष्ट्रपुरुष थे। उनके व्यक्तित्व को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। उन्होंने सिर्फ संविधान की रचना ही नहीं की, बल्कि देश को कई ऐसे विचार दिये, जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी हमारे लिए उपयोगी हैं।**

**<u>योग प्रशिक्षण केन्द्र</u>**

**स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा योग के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये मध्य प्रदेश योग आयोग का गठन भी किया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह योग आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रदेश के 52 जिलों में जिला योग समितियां और 313 विकासखंों में विकासखं योग समितियों के गठन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इन जिलों में लगभग 4 हजार ग्रामों में और शहरी क्षेत्र के 356 वाों में योग समितियों का गठन किया गया है।**

**पंचकोशी यात्रा**

**ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में पंचकोशी यात्रा आज वैशाख मास की दशमी तिथि से शुरू हो गई है। यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी। यात्रा की शुरुआत पटनी बाजार स्थित श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर से हो गई है। मंदिर के पुजारी राजेश गुरु ने बताया कि यह यात्रा अनादिकाल से चली आ रही परंपरा है। पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालु करीब 118 किलोमीटर की परिक्रमा करते हुए रास्ते में चार प्रमुख शिव मंदिरों- पिंगलेश्वर, कायावर्णेश्वर, बिलकेश्वर और दुर्वेश्वर के दर्शन करेंगे। ये मंदिर चारों दिशाओं में स्थित हैं। प्रशासन द्वारा सभी पड़ावों और मंदिरों पर आवश्यक तैयारियां की हैं।**

**समाचार संक्षेप में .....**

- केन्द्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने ने पुलवामा में आतंकी हमले में मृतक पर्यटकों एवं दमोह में हुई दुर्घटना के मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक संतप्त देश और राष्ट्रीय शोक की वजह से सार्वजनिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है।
- हरदा. सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि की राशि लक्ष्य से अधिक जमा करने पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को सम्मानित किया।
- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं एल्मिको द्वारा रायसेन में दिव्यांगजनों को एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांग सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग प्रदान किए गए।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अशोकनगर के प्रस्फुटन ग्राम बरखेड़ा काछी में आयोजित जल चौपाल में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।
- नर्मदापुरम वनमंडल वन विभाग और एल एंड टी कंपनी द्वारा ग्राम हिरनचापड़ा और कोहदा पंचायत भवन में आयोजित रोजगार शिविर में वनांचल के करीब 210 बेरोजगार युवाओं ने हिस्सा लिया।
- शिवपुरी जिले में कृषि विभाग के अमले द्वारा गांव–गांव जाकर किसानों से संपर्क कर नरवाई न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।